भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 21.06.2022

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के गोमती क्रीडागन में आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिसकी थीम ''मानवता के लिए योग'' का आयोजन आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी के नेतृत्व में किया गया।

आरेडिका महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने समस्त रेलकर्मियों तथा उनके परिवारजनों को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी कड़ी में माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के द्वारा इस अवसर पर किये गये सम्बोधन कार्यक्रम को कोणार्क सूर्य मंदिर उड़ीसा से विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरीये प्रसारित किया गया। साथ ही साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किए गये योग कार्यक्रम को विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरीये मैसूर (कर्नाटक) से प्रसारण किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिये गये अपने संदेश में कहॉ कि योग अब एक वैश्विक पर्व बन गया है। योग किसी व्यक्ति मात्र के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये है। इस लिये इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कि थीम "मानवता के लिये योग" (Yog for Humanity) है। उन्होने कहॉ कि हमे योग को अपनाना भी है और पनपाना भी है। साथ ही प्रधानमंत्री महोदय ने बताया की दुनियॉ भर में लोग सूर्योदय तथा सूर्य कि गति के साथ योग कर रहे है तथा योग से जुड रहे है योग भारतीय जीवन पद्धति का एक विशिष्ट अंग है। योग का उल्लेख हमारे वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों, भारतीय दर्शन, तथा बौद्ध और जैन परंपराओं में मिलता है जिसे हमारे ऋषि–मुनियों ने जीवित रखा। योग भारत द्वारा विश्व को दी गई अनमोल देन है, आज के तनाव और भाग दौड़ भरे जीवन में योग का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि योग से व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रुप से स्वस्थ रहता है।

इस योग शिविर में श्री विशेश्वर प्रसाद, वरिष्ठ तकनीशियन/आरेडिका ने योगाचार्य की भूमिका निभाई तथा इस कार्यक्रम को सभी विभागों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। योग शिविर में आरेडिका, रायबरेली के अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल के जवानों व उनके परिवार के सदस्यों ने योगाचार्य जी के कुशल मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया।

21/6/2022

(आर.एन.तिवारी)
जन–संपर्क अधिकारी